मुंबई मंडल को मिली महाप्रबंधक की कार्यकुशलता शील्ड

★ पश्चिम रेलवे के तत्कालीन महाप्रबंधक श्री कुल भूषण दीप प्रज्वलित कर 56 वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह का उद्घाटन करते हुए तथा मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री गिरीश पिल्लई को वर्ष 2010-11 के लिए प्रतिष्ठित महाप्रबंधक कार्यकुशलता शील्ड प्रदान करते हुए।

56 वाँ रेल सप्ताह सम्पन्न

पश्चिम रेलवे के 56वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह का आयोजन बुधवार, 13 अप्रैल, 2011 को मुंबई के वाई बी चव्हाण सभागृह में सम्पन्न हुआ, जिसमें 2010-11 की महाप्रबंधक की प्रतिष्ठित कार्यकुशलता शील्ड मुंबई सेंट्रल मंडल ने जीती। पश्चिम रेलवे के तत्कालीन महाप्रबंधक श्री कुल भूषण ने मुंबई सेंट्रल के मंडल रेल प्रबंधक श्री गिरीश पिल्लई को यह शील्ड प्रदान की। श्री कुल भूषण ने वर्ष 2010-11 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 19 और कार्यकुशलता शील्डें विभिन्न मंडलों तथा इकाइयों को प्रदान कीं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी कार्यकुशलता का परिचय दिया है। इसके साथ ही पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के बिजली तथा परिचालन विभाग ने वडोदरा मंडल के साथ संयुक्त रूप से महाप्रबंधक कार्यकुशलता शील्ड प्राप्त की, जबकि मुंबई मंडल के यांत्रिक विभाग ने भी अहमदाबाद मंडल के साथ संयुक्त रूप से कार्यकुशलता शील्ड जीती। चर्चगेट के सर्वे तथा निर्माण विभाग ने अहमदाबाद मंडल के साथ संयुक्त रूप से महाप्रबंधक कार्यकुशलता शील्ड प्राप्त की। इस अवसर श्री कुल भूषण ने वर्ष 2010-11 के दौरान सर्वोत्तम कार्य निष्पादन के लिए 192 कर्मचारियों तथा अधिकारियों को योग्यता प्रमाण-पत्र, कार्यकुशलता पदक तथा नकद पुरस्कार तथा 23 सामूहिक पुरस्कार प्रदान कर उनकी सराहनीय सेवा तथा विशिष्ट उपलब्धियों के लिए उन्हें सम्मानित किया। अपने अभिभाषण में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री कुल भूषण ने समस्त रेलकर्मियों तथा उनके परिवारजनों को 56वें रेल सप्ताह के अवसर पर शुभकामनाएँ दी। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों के कारण पश्चिम रेलवे द्वारा इस वर्ष 63.27 मिलियन टन का रिकॉर्ड माल लदान किया जा सका है, जो गत वर्ष की तुलना में 8.57 प्रतिशत अधिक है।

मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस भट्टाचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। श्री आदित्य कुमार, उप महाप्रबंधक (सामान्य) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प.रे. कला एवं सांस्कृतिक संगठन के कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह का मंच संचालन पश्चिम रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी श्री गजानन महतपुरकर एवं परिचालन विभाग की कार्यालय अधीक्षक श्रीमती पूजा पवार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. शर्मा, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी एवं उनके परिवारजन समारोह में उपस्थित थे।

★ पश्चिम रेलवे के तत्कालीन महाप्रबंधक श्री कुलभूषण के हाथों व्यक्तिगत कार्यकुशलता पुरस्कार प्राप्त करते हुए पहली पंक्ति में जनसम्पर्क अधिकारी (प्रेस), चर्चगेट-श्री नितिन कुमार डेविड, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, दाहोद-श्री प्रांजोल चन्द्रा, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, रतलाम-डॉ. श्रीमती अनामिका अवस्थी, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, वडोदरा-श्री ज़ैग़म अली खान, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, रतलाम- श्री आलोक त्रिपाठी, वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक-श्री एस.एस. अग्रवाल तथा सहायक सचिव (सामान्य), चर्चगेट-श्री एम.सी. शर्मा। इसी प्रकार दूसरी पंक्ति में व्यक्तिगत पुरस्कार लेते हुए उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण), चर्चगेट-श्री अवनीश वर्मा, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर, मुंबई सेंट्रल-श्री संजय फुलवारिया, वरिष्ठ सहायक मंडल इंजीनियर, मुंबई सेंट्रल-श्री सुरेन्द्र कुमार चौधरी, रेल सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक, चर्चगेट-श्री सचिन एस. सिकरवार, राजभाषा सहायक, चर्चगेट-सुश्री ममता रानी सिंह, जनसम्पर्क कार्यालय, अहमदाबाद के कार्यालय अधीक्षक-श्री शैलेश वी. परमार एवं महाप्रबंधक के सचिव के गोपनीय सहायक, चर्चगेट-श्री अजित पी. वारियर तथा जन शिकायतों के निपटारे के लिए उत्कृष्ट स्टेशन का सामूहिक पुरस्कार प्राप्त करते हुए मुंबई सेंट्रल के स्टेशन प्रबंधक श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव।